


रेगैलिया ग्रीन में शनिवार को फूड एक्सपो में किचन उपकरण दिखाए गए।

## इंडिया फूड एक्सपो

# खाद्य और डेयरी क्षेत्र में संभावनाओं का अंबार

**लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा गोमती नगर स्थित रेगैलिया ग्रीन लॉन्स में आयोजित 'इंडिया फूड एक्सपो 2026' का दूसरा दिन एमएसएमई के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला रहा। शनिवार को 'विजन 2047 और एमएसएमई विकास' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।

इस दौरान आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने प्रधानमंत्री के 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की ओडीओपी जैसी योजनाएं भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में रीढ़ की हड्डी साबित होंगी। इस दौरान बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) के उपाध्यक्ष मणिकंदन के. ने उद्यमियों को एक बड़ा उपहार देते हुए बरेली के रहपुरा जागीर गांव में 300 एकड़ की औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने की योजना प्रस्तुत की।

टाउनशिप को चार विशेष जोन लॉजिस्टिक्स हब, वेयरहाउस, ट्रांसपोर्ट नगर और औद्योगिक क्षेत्र में विभाजित किया गया है।

इस दौरान आलोक मिश्रा ने वैश्विक बाजार तक पहुंच के लिए एपीईडीए की भूमिका और गुणवत्ता नियंत्रण के महत्व को समझाया डॉ. सुनील के. आर. राठौर ने बताया कि एक हजार करोड़ के बजट के साथ उत्तर प्रदेश दूध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनकर उभर रहा है। डॉ. बृजेश कुमार त्रिपाठी ने 'यूपी पोल्ट्री डेवलपमेंट पॉलिसी 2022' के तहत मिलने वाली बिजली छूट की जानकारी दी।